हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 10 दिसंबर 2025

04 नेशनल लोक अदालत में संपति जलकर के प्रकरण...



07 एक शताब्दी की विरासत पर 14 से 'अखिल भारतीय...





## खबर संक्षेप

### आज पांच घंटे बंद रहेगा विद्युत वितरण

**सोहागपुर।** शहर सहित आसपास के कुछ गांवों में आज मेंटनेंस कार्य के चलते लगभग पांच घंटे बिजली वितरण बंद रहेगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड संभाग सोहागपुर प्रबंधक माखन सिंह धनगाया द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार आज 10 दिसंबर को विद्युत संधारण कार्य किया जाएगा। जिसके चलते 33 केवी शहर फीडर अंतर्गत सोहागपुर शहर, मड़काढाना, चीचली, कटिया, बारंगी, किवलारी, बांसखापा, बोदी, लांघा, जिर्रन, गूजरखापा तथा बम्होरी खुर्द में सुबह 11 बजे से अपहरण चार बजे तक विद्युत वितरण बंद रहेगा।

### सांदीपनि के विद्यार्थी भ्रमण पर हुए रवाना

**नर्मदापुरम।** लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश की प्रोत्साहन योजना के तहत नर्मदापुरम संभाग के 14 सांदीपनि विद्यालयों के 31 मेधावी छात्रों और दो शिक्षकों का एक दल राज्य के बाहर गुजरात राज्य के उत्कृष्ट संस्थानों का शैक्षणिक भ्रणम पर मंगलवार 09 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे इटारसी स्टेशन से "भारत गौरव स्पेशल ट्रेन" में सवार हुआ। 9से 15दिसंबर तक चलने वाले इस शैक्षणिक भ्रमण में वे गुजरात के अहमदाबाद में आईआईएम, इसरो, अमूल डेयरी व चॉकलेट प्लांट, साइंस सिटी, सोमनाथ मंदिर, गांधी आश्रम और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जैसे ज्ञानवर्धक स्थलों का भ्रमण करेंगे।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**नर्मदापुरम।** जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल के आदेश के अनुपालन में प्रतिमाह के प्रथम सप्ताह में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाना है शनिवार को केन्द्रीय जेल में निरूद्ध बंदियो हेतु जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मन कक्ष द्वारा एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

### कार्यालय वन परिक्षेत्र कामती के द्वारा जारी किया गया रिसोर्ट्स

# एसटीआर के समीप क्रिसमस और नव वर्ष पर तीव्र ध्वनि व तेज रोशनी पर रोक

आगामी अवसरों पर वन परिक्षेत्र अधिकारी तेज ध्वनि और तेज रोशनी पर रोक लगाई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

एसटीआर दिसंबर के अंतिम सप्ताह में हैवी टूरिज्म स्पॉट बन जाता है। जहां पर्यटकों के लिए निजी रिसोर्ट्स आयोजन करते हैं। आयोजनों दौरान तीव्र ध्वनि व हाई लाइटिंग यंत्र उपयोग से वन्यप्राणियों को परेशानी होती है।

अतः क्रिसमस व नववर्ष पर इन यंत्रों का उपयोग ना करने के संबंध में निर्देश सभी रिसोर्ट्स, होटलों एवं होम स्टे संचालकों को दिए गए हैं।



### कामती वन परिक्षेत्र अधिकारी ने जारी किए आदेश, शोर-शराबा और हाई लाईटिंग प्रतिबंधित

कामती वन परिक्षेत्र अधिकारी राहुल उपाध्याय द्वारा मंगलवार को पत्र क्रमांक 1811 जारी किया गया है। पत्र अनुसार रिसोर्ट्स, होटल व होम स्टे एसटीआर कोर क्षेत्र के अत्यंत समीप हैं। क्रिसमस एवं नववर्ष पर तीव्र ध्वनि में यंत्र बजाने अथवा अत्यधिक रोशनी वाले यंत्रों का उपयोग करने से वन्यप्राणियों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अतः वन परिक्षेत्र अधिकारी राहुल उपाध्याय ने पत्र के माध्यम से सभी रिसोर्ट, होटल तथा होमस्टे के संचालकों को सूचित किया है कि क्रिसमस नाइट, वर्षांत व नववर्ष पर इस बात का विशेष ध्यान रखें। ताकि वन्यजीवों पर विपरीत प्रभाव ना पड़े।

#### होगी कार्रवाई

वन परिक्षेत्र अधिकारी कामती राहुल कुमार उपाध्याय के द्वारा जारी पत्र के अंत में उल्लेख है कि सभी रिसोर्ट्स में तीव्र ध्वनि में यंत्र ना बजाए जाएं। ना ही अत्यधिक रोशनी की व्यवस्था की जाए। पत्र अनुसार सभी रिसोर्ट, होटल तथा होम स्टे पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र अंतर्गत हैं। अतः उक्त पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र में प्रतिबंधित कार्य रिसोर्ट संचालकों या होटल संचालकों या होम स्टे संचालकों द्वारा ना किये जाएं। साथ ही उल्लेख है कि जारी निर्देशों का पालन करें। निर्देशों का यदि उल्लंघन किया जाता है तो इसे आदेश की अवहेलना मान संबंधितों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। पत्र की प्रतियां सोहागपुर एसडीएम, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सहायक संचालक, सोहागपुर थाना प्रभारी तथा पर्यटन प्रभारी अनिल कुमार मालवीय को भी प्रेषित की गई हैं। अनिल मालवीय को दायित्व दिया गया है कि वे सभी रिसोर्ट्स तक उक्त आदेश प्रसारित करें।

## कलेक्टर ने 112 आवेदनकर्ताओं की समस्या का किया समाधान

### जिला मुख्यालय पर आयोजित हुई जनसुनवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

जिले में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना ने 112 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। कुछ समस्याओं का समाधान कलेक्टर द्वारा मौके पर ही किया गया। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक शिकायत का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी एक सप्ताह में जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों में जवाब दर्ज किए जाएं। अधिकारियों द्वारा जवाब दर्ज न किए जाने की स्थिति में उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व में जनसुनवाई के दौरान आवेदकों द्वारा दर्ज कराई गई समस्याओं के निराकरण न होने की स्थिति में उन्हें बार-बार परेशान होना पड़ता है, जो कि संपूर्णतः अस्वीकार्य है। यह प्रवृत्ति भविष्य में न देखने को मिले संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी और आवश्यक मार्गदर्शन आवेदकों को अवश्य प्रदान किया जाए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## वाहन रैली निकालकर बजरंग दल ने मनाया शौर्य दिवस, आरती कर किया प्रसादी वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद



शौर्य दिवस सप्ताह अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल नगर इकाई सेमरीहरचंद के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में भगवा वाहन रैली का आयोजन किया गया वाहन रैली स्टेशन रोड मंडी गेट से प्रारंभ होकर सब्जी मंडी होते हुए रामलीला मैदान तक पहुंची भगवा वाहन रैली का समापन स्थानीय पीपल चौक पर हनुमान जी की आरती प्रसादी वितरण के पश्चात हुआ।

वाहन रैली में प्रांत सुरक्षा प्रमुख श्रीकांत पटेल , जिला संयोजक रोहित ठाकुर ,सहसंयोजक रुपेश रघुवंशी ,अनुज ठाकुर, नीरज, रघुवंशी प्रखंड अध्यक्ष सौरभ मडवार, प्रखंड मंत्री अनुज विश्वकर्मा ,राजा पटेल, पुष्पराज पटेल, ऋतिक पटेल, कुलदीप ,हरिओम ,पवन ,देव मीना , हर्ष पटेल ,रविकांत पटेल, युवराज पटेल, निहाल पांडे, प्रियांशु गोस्वामी, हरिओम पटेल ,आनंद पटेल एवं बड़ी संख्या में सनातनी युवा उपस्थित रहे।

## ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



हब फार एम्पावरमेंट आफ वुमन अंतर्गत जिला मंगलवार को कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया सर के मार्गदर्शन में वन स्टाप सेटर नर्मदापुरम के द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान महिला हिंसा उन्मूलन 16 दिवसीय विशेष अभियान अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशासक प्रतिभा बाजपेयी के द्वारा छात्र, छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 181, घरेलू हिंसा निषेध अधिनियम 2005, पोस्को अधिनियम 2012, चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी प्रदान की गई।

अर्चना शुक्ला द्वारा जेंडर समानता तथा जेडर समानता की शपथ दिलाई गई। काउंसलर भागवती विष्ट ने गुड टच, बैड टच, तथा वन स्टाप सेंटर के योजनाओं की जानकारी दी। आरडीबघेला ने छात्र, छात्राओं को कैरियर से संबंधित जानकारी दी।

## वेयर हाउस के धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाएं, किसान परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर क्षेत्र में धान खरीदी केंद्रों पर प्रशासनिक रूप से पर्याप्त तैयारी नहीं है। जिसके चलते वेयरहाउस प्रबंधन तथा किसान दोनों ही परेशान हो रहे हैं। स्लाट बुकिंग की उचित जानकारी नियमित ही किसानों तक नहीं आ पा रही है, अतः वे किसान भी धान लेकर वेयरहाउस पहुंच रहे हैं, जिनके स्लाट अभी बुक नहीं हुए हैं। धान भरी सैकड़ों ट्रालियों के वेयरहाउसों तक पहुंचने से रास्तों पर जाम की स्थिति बन रही है। वेयर हाउस प्रबंधन स्लॉट बुकिंग अनुसार किसानों को उपज लाने का आग्रह जरूर कर रहे हैं, लेकिन इसका भी असर नहीं हो रहा है।

## सोहागपुर विधायक की अनुशंसा पर निर्माण कार्यों के लिए राशि की जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की अनुशंसा पर कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा विधायक निधि से सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत कुछ निर्माण कार्यों के लिए लाखों रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

सोहागपुर विधायक के कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जपं माखननगर में छह निर्माण कार्यो के लिए पांच लाख 50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। नर्मदापुरम-जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोहागपुर विधायक सिंह की अनुशंसा पर विधायक निधि से ग्राम पंचायत नयामाना के ग्राम नया रोरीघाट में सार्वजनिक चबूतरे पर कक्ष निर्माण के लिए दो लाख रूपये, ग्राम माल्हनवाड़ा के हनुमान मंदिर के पास सार्वजनिक चबूतरा पर छत निर्माण के लिए एवं ग्राम झालरससेठ में माता मंदिर के पास सार्वजनिक चबूतरे पर छत निर्माण के लिए क्रमशः एक-एक लाख रूपये तथा ग्राम नगवाड़ा में दुर्गा मंदिर के पास सार्वजनिक चबूतरा निर्माण, ग्राम पंचायत नयामाना के ग्राम बदकछार में सार्वजनिक चबूतरे पर टीनशेड निर्माण तथा ग्रापं शिवपुर के ग्राम सिमरौधा में सार्वजनिक चबूतरे के निर्माण के लिए क्रमशः 50-50 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं विधायक निधि से ग्रापं कलमेशरा के ग्राम हीरापुर में हनुमान मंदिर के पास छत निर्माण के लिए तीन लाख रूपये व ग्राम बम्होरीखुर्द में पंचायत भवन के पास सार्वजनिक चबूतरा निर्माण के लिए दो लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

### कमिश्नर ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

## कलेक्टर पटवारियों का सप्ताह के 2 दिन मुख्यालय में रहना निर्धारित करें: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि वह सभी विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं एवं लक्ष्य की निरंतर मॉनिटरिंग करते हुए इसी वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा दिए गए सभी लक्ष्यो की पूर्ति कराना सुनिश्चित करें। योजनाओं एवं लक्ष्यो की प्रभावी समीक्षा भी की जाए।

उल्लेखनीय है कि संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं लक्ष्यो की संभागीय समीक्षा कर रहे थे। कमिश्नर ने निर्देश दिए की क्षय रोग एवं सिकल सेल एनीमिया के मरीजों को प्राथमिकता से चिन्हित कर जिला चिकित्सालय में उनका उपचार सुनिश्चित कराया जाए। क्षय रोग एवं सिकल सेल एनीमिया के मरीजों की जांच एवं स्कैनिंग निरंतर की जाए।

कमिश्नर ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह सभी पटवारियों का सप्ताह में 2 दिन मुख्यालय में रहना निर्धारित करें ताकि हितग्राहियो को अनावश्यक रूप से इधर-उधर न भटकना पड़े एवं वे एक जगह जाकर पटवारी से संपर्क कर अपने कार्य करा सके।

कमिश्नर ने कहा कि शासन की मंशा जैविक खेती को बढ़ावा देने की है, अतः जिलो में पहले से चल रही जैविक खेती को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ाया जाए। किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जाए।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों की अंतिम सूची जारी

**नर्मदापुरम।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार कार्यालय परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना नर्मदापुरम शहरी परिक्षेत्रांतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। ऑनलाइन आवेदन 20 जून से 4 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किए गए थे। चयन प्रक्रिया में शैक्षिक योग्यता और अन्य निर्धारित मापदंडों के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की गई है। नर्मदापुरम जिले में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है। परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम शहरी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 08 आंगनवाड़ी केंद्र क्रं 37 में ममता यादव को सहायिका के पद पर चयनित किया गया है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्ते लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सोलंकी ने गौरवान्वित किया बैतूल का नाम



**बैतूल।** सतपुड़ा वैली स्कूल के होनहार छात्र तनिष्क सिंह सोलंकी ने राष्ट्रीय स्तर पर बैतूल का नाम रोशन किया है। तनिष्क सिंह सोलंकी को मध्य प्रदेश की अंडर-19 क्रिकेट टीम में चुना गया है। यह टीम हिसार, हरियाणा में आयोजित होने वाले नेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। तनिष्क सिंह सोलंकी की यह उपलब्धि उनकी मेहनत और प्रतिभा का परिणाम है। उन्होंने जिला और राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर अपनी ऑल-राउंडर क्षमता साबित की और अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। सतपुड़ा वैली स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती दीपाली निलय डागा, प्राचार्य ऋतू वाजपेयी मैम, प्रबंधक शिव शंकर मालवी और स्कूल परिवार ने तनिष्क सिंह सोलंकी को इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### इंदौर से गबन के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बैतूल।** जनपद पंचायत भीमपुर एवं चिचोली में हुये 13 करोड के गबन के मामले के आरोपी को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 19 मार्च 2025 को फरियादी इंदिरा मेहतो जिला समन्वयक अधिकारी जिला बैतूल द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनपद पंचायत कार्यालय भीमपुर एवं जनपद पंचायत चिचोली में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कुल 13 करोड 21 लाख 71 हजार 220 रुपये की राशि का गबन के संबंध में एक लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया आवेदन पर प्रथम दृष्टया अपराध धारा 420,409,120 (बी) भादवि 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में प्रकरण के तीन आरोपियो की गिरफ्तारी पूर्व में की जा चुकी थी। विवेचना में ज्ञात हुआ कि गबन की कुल राशि में 2 करोड़ 63 लाख रुपए लगभग की राशि शॉपिंग भंडार नामक फर्म जो कि आरोपी युमेंद्र उर्फ दीपक पिता स्व. काशीराम रहांगडाले निवासी इंदौर चला रहा था के खाते में आना पाया गया था। गबन की गई राशि का 1 करोड़ 64 लाख 64हजार रुपए जनपद चिचोली से 98लाख 56 हजार रुपए जनपद भीमपुर से इसके खाते में आया था। पूछताछ में उक्त राशि के खर्च के संबंध में पूछे जाने पर आरोपी ने बताया कि आरोपी द्वारा कुछ पैसा आरोपी राजेंद्र परिहार के कहने पर दूसरे खातों में ट्रांसफर किया गया। कुछ पैसा स्वयं के द्वारा खर्च किया गया एवं कुछ पैसा 50 लाख लगभग शिक्षा लाइब्रेरी एनजीओ (जिसका संचालक स्वयं आरोपी था)के अकाउंट में डाला गया था कुछ पैसा राजेंद्र परिहार के कहने पर अन्य खाते में डाला गया है। आरोपी युमेंद्र उर्फ दीपक पिता स्व काशीराम रहांगडाले निवासी इंदौर को 8 दिसंबर को पुलिस अधीक्षक बैतूल के द्वारा गठित एसआईटी टीम के द्वारा इंदौर से अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी द्वारा 23 लाख रूपये की राशी अभी वर्तमान मे अपने खाते मे होना बताया है ।

### 13 को बकाया राशि की वसूली के लिए अधिभार में दी जाएगी छूट

# नेशनल लोक अदालत में संपत्ति जलकर के प्रकरण रखेगी नपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

साल की आखिरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को किया जाएगा। इसमें बकाया संपत्ति, जल कर सहित अन्य करों की वसूली के लिए नगरपालिका अधिभार में छूट देगी। अभी शहरवासियों पर कुल 8 करोड़ 72 लाख 87 हजार 378.93 रूपये बकाया है। बताया जा रहा है कि लोक अदालत के माध्यम से बकाया राशि की वसूली को लेकर नगरपालिका अधिकारियों ने तैयारी कर ली है। नगरपालिका ने संपत्ति, जलकर सहित अन्य करों की वसूली के लिए बकायादारों को नोटिस जारी कर दिये है। साथ ही एकमुश्त बकाया जमा करने पर अधिभार में छूट का लाभ लेने के लिए बकायादारों को प्रेरित भी किया जा रहा है।

हालांकि लोक अदालत के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा बकाया वसूली हो, इसके लिए नगरपालिका पूरा-पूरा प्रयास कर रही है। बता दे कि एसआईआर में नगरपालिका के सहायक राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी लगी होने के कारण नवंबर में राजस्व वसूली की रफ्तार काफी धीमी रही या एक तरह से टैक्स वसूली पूरी तरह ठप हो गई थी। अब नगरपालिका लोक अदालत के माध्यम से बकाया टैक्स राशि की वसूली करने के लिए प्रयासरत है।

#### 17 सहायक राजस्व निरीक्षकों की लगी थी ड्यूटी

बताया जा रहा है कि एसआईआर सर्वे में नगरपालिका के करीब 17 सहायक राजस्व निरीक्षकों की ड्यूटी लगी थी। जिसकी वजह से नवंबर माह में वसूली की रफ्तार धीमी रही। वैसे सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा रोजाना टैक्स वसूली कर नपा के खजाने को भरने का काम किया जाता था, लेकिन एसआईआर सर्वे के कारण वसूली को रफ्तार नहीं मिल पाई। सिर्फ काउंटर पर ही राशि जमा हो रही थी। किन्तु इस बार नगरपालिका ने बकाया संपत्ति और जलकर जमा करवाने के लिए लोक अदालत का सहारा लिया है।

#### बकाया राशि पर अधिभार में मिलेगी छूट

लोक अदालत के माध्यम से एकमुश्त राशि जमा करने पर बकायादारों को अधिभार में छूट मिलेगी। नगरपालिका के राजस्व शाखा से मिली जानकारी के अनुसार शहर वासियों पर संपत्ति कर का 2,66,54,434 रूपये और जलकर का 3,00,18,142.93 रूपये बकाया है। इस बकाया राशि के लिए नगरपालिका लोक अदालत में प्रकरण रखेगी। जिसमें बकाया राशि जमा करने पर बकायादारों को लगने वाले अधिभार में छूट मिलेगी। अनुमान है कि लोक अदालत के माध्यम से नगरपालिका अधिक से अधिक बकायादारों से टैक्स वसूली करेगी। जिससे नगरपालिका के खाली खजाने को भरने में काफी राहत मिलेगी।

#### लोक अदालत के माध्यम से वसूले थे करीब 58 लाख

नगरपालिका ने सितंबर में आयोजित हुई लोक अदालत में करीब 58 से 60 लाख रूपये वसूल किये थे। जिसमें संपत्ति और जलकर की राशि शामिल थी, वहीं नगरपालिका ने अब 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरण रखकर वसूली की तैयारी की है। बताया जा रहा है कि नगरपालिका ने बकायदारों के कम से कम 400 प्रकरण रखेगी। जिनसे बकाया राशि वसूल की जानी है। इससे नगरपालिका के राजस्व में वृद्धि होगी और लोगों को भी अधिभार में छूट का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए नगरपालिका ने लोक अदालत को लेकर नोटिस जारी कर दिये है।

#### नगर पालिका के राजस्व वसूली की स्थिति

| कर के नाम | कुल मांग | कुल वसूली |
|---|---|---|
| संपति कर | 40883440 | 14229006 |
| समेकित कर | 8526357 | 1730769 |
| सामान्य जलकर | 828124 | 239192 |
| जल शुल्क | 36383621 | 6365478.07 |
| दुकान/भवन | 8487081 | 1475356 |
| भूमि किराया | | |
| शिक्षा उपकर | 9906926 | 2336669.5 |
| नगरीय विकास उपकर | 11377786 | 2729485.5 |
| योग | 11639333 | 29105956.07 |

#### कर्मियों के वेतन में देरी, नहीं हो पा रहे विकास कार्य

नगरपालिका की अर्थव्यवस्था विभिन्न प्रकार से मिलने वाले टैक्स और शासन से मिलने वाले चुंगी कर सहित अन्य अनुदान के अलावा लोगों से वसूले जाने वाले विभिन्न करों पर निर्भर है। इससे नगरपालिका पेयजल व प्रकाश व्यवस्था, निर्माण कार्य, सफाई, वेतन आदि पर खर्च करता है। अभी नगरपालिका रोड निर्माण सहित अन्य कार्य करवा रहा है। करों की वसूली ठीक न होने से निर्माण कार्यों की गति भी धीमी हो गई थी। वहीं नपा का खजाना खाली होने से कर्मचारियों को भी वेतन दिये जाने में देरी जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

#### बकाया वसूली का लक्ष्य

लोक अदालत में संपत्ति और जलकर वसूली के लिए एकमुश्त राशि जमा करने पर अधिभार में छूट दी जाएगी। एसआईआर के काम के बाद सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा नोटिस बांटे जा रहे हैं। लोक अदालत में शत-प्रतिशत बकाया वसूली का लक्ष्य है।

**- सतीश मटसेनिया**, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

## भौंरा पहाड़ी पर तेंदुए की लोकेशन चार हाथियों की मदद से रेस्क्यू टीम कर रही है गहन सर्चिंग

### विधायक ने किया निरीक्षण, कहा- जनसुरक्षा सर्वोपरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

नगर के आसपास के इलाकों में तेंदुए की मौजूदगी अब पांचवें दिन में पहुंच चुकी है। रविवार को जहां लोकेशन ज्ञानोदय इंग्लिश स्कूल के पास जंगल क्षेत्र में मिली थी, वहीं सोमवार को नई लोकेशन नेशनल हाईवे बायपास की ऊपरी पहाड़ी पर ट्रेस की गई। इस जानकारी के बाद सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम ने चार हाथियों की मदद से सर्चिंग अभियान को और तेज कर दिया। सुबह से ही पहाड़ी पर वन विभाग की गतिविधियां बढ़ गईं। हाथियों के बीच रेस्क्यू दल हर झाड़ी और पगमार्ग पर नजर रखे रहा। रेस्क्यू दल में रेस्क्यू प्रभारी पीएस ठाकुर, वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ. गुरुदत्त शर्मा और भौंरा वन परिक्षेत्र अधिकारी विजेंद्र तिवारी सहित पूरा स्टाफ शामिल रहा। रेस्क्यू प्रभारी श्री ठाकुर ने बताया कि तेंदुए की लोकेशन अब बायपास की ऊपर पहाड़ी पर मिली है। घने पेड़ों और पत्थरों के बीच मूवमेंट ट्रैक कर टीम लगातार प्रयास कर रही है। हाथियों की मदद से हर दिशा में सर्चिंग की जा रही है ताकि तेंदुए को बिना किसी हानि के सुरक्षित पकड़ा जा सके। इसी बीच विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके भी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने पहाड़ी पर रेस्क्यू दल से विस्तृत जानकारी ली और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा वन विभाग और रेस्क्यू टीम पूरी मेहनत कर रही है। नागरिकों की सुरक्षा से बड़ा कोई उद्देश्य नहीं हो सकता। मेरा आग्रह है कि विभाग बिना देरी के तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू करे ताकि नगर में व्याप्त भय समाप्त हो। भौंरा वन परिक्षेत्र अधिकारी विजेंद्र तिवारी ने बताया कि सर्चिंग दल सुबह और शाम दोनों समय लोकेशन ट्रेस कर रहा है। उन्होंने कहा तेंदुआ अब पहाड़ी क्षेत्र में सक्रिय है। हमारी टीम लगातार निगरानी में है और आसपास के नागरिकों से अपील करती है कि वे रात्रि में अकेले बाहर न निकलें तथा छोटे बच्चों और पशुओं को घर के भीतर रखें।

#### वनर्मी पर झपट पड़ा था तेंदुआ

इससे पहले गुरुवार रात को तेंदुआ लकड़ी डिपो क्षेत्र में वनकर्मी विजय द्विवेदी पर झपट पड़ा था। वे उस समय लोकेशन ट्रेस कर रहे थे। अचानक अंधेरे में तेंदुआ सामने आ गया और कुछ दूरी तक उनका पीछा किया। विजय द्विवेदी ने दौड़ लगाकर और शोर मचाकर किसी तरह अपनी जान बचाई थी। यह घटना लकड़ी डिपो और विधायक निवास के बीच के क्षेत्र की थी, जिसके बाद से विभाग ने सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं। लगातार पांच दिनों से नगरवासी भय में हैं। अंधेरा होते ही बाजार जल्दी बंद हो जाते हैं और सडक़ों पर सन्नाटा छा जाता है। फिर भी लोग उम्मीद कर रहे हैं कि रेस्क्यू टीम की कोशिशें जल्द रंग लाएंगी और भौंरा की रातें अब चैन से गुजरेंगी।

## भाषाई संगम और सशस्त्र सेना झंडा दिवस कार्यक्रम आयोजित




**सारनी।** केंद्रीय विद्यालय सारनी में भारतीय भाषा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छगन गुर्जर द्वारा सांकेतिक भाषा का अभ्यास करवाया गया। भाषाई मित्र सहयोग विषय पर आधारित इस गतिविधि का मुख्य संदेश यह था कि मूक एवं श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए भाषा का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम संकेत होते हैं, और ऐसी परिस्थिति में सांकेतिक भाषा का विशेषज्ञ एक भाषाई सहयोगी के रूप में कार्य करता है। इसी क्रम में माध्यमिक वर्ग के छात्रों ने लोकोक्तियों में एकता विषय पर आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं की लोकोक्तियों द्वारा आपसी एकता, सद्भाव और सहयोग का भाव प्रभावी रूप से व्यक्त किया। इसके साथ ही विद्यालय में सशस्त्र सेना झंडा दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने इस दिवस के महत्व तथा देश की रक्षा में सैनिकों के योगदान के बारे में बताया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत संदेश प्रस्तुत कर सभी को सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए प्रेरित किया। समग्र रूप से यह कार्यक्रम अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायी तथा छात्रों में एकता, संवेदनशीलता और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने वाला रहा।

## कलेक्टर ने जिले में चायना डोर पर लगाया प्रतिबंध

**बैतूल।** मकर संक्रांति पर्व को लेकर जिले में चायना डोर के बढ़ते खतरे को देखते हुए कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सम्पूर्ण बैतूल जिले में नायलॉन, चायना डोर के निर्माण, खरीद -फरोख्त, उपयोग और भंडारण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163(1) के तहत जारी हुआ है। जारी आदेश के अनुसार जिले में हर साल पतंगबाजी के दौरान चायना डोर से राहगीरों, बाइक सवारों, बच्चों, पशुओं और पक्षियों को गंभीर रूप से घायल होने की कई घटनाएं सामने आती रही हैं। तेज और खतरनाक मटेरियल वाली यह डोर गले, हाथ और चेहरे तक को काट देने में सक्षम होती है, जिससे जनहानि और कानून-व्यवस्था बिगडऩे की आशंका रहती है। शहरवासियों और पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई सलाह के बाद प्रशासन ने तुरंत प्रभावी रोक लगाने का निर्णय लिया है। जारी आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति चायना डोर का निर्माण, बिक्री, खरीद या उपयोग नहीं करेगा। पतंगबाजी के लिए केवल ऐसी डोर का उपयोग किया जा सकेगा, जिससे किसी भी व्यक्ति या पशुझ्रपक्षियों को नुकसान न पहुंचे। प्रतिबंध का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंडनीय अपराध होगा।

## कछुआ चाल से काम, लोग नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



ग्राम जामुनढाना में नदी पर पुल निर्माण की धीमी गति के कारण ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में देरी के बाद भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे है। जिससे उन्हें आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले ग्राम जामुनढाना में नदी पर पुल नहीं था। पुल निर्माण के कार्य को पूरा होता देखने के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। कलीराम कवडे ने बताया कि उन्हें आज भी 2 वर्षों से पुल निर्माण कार्य की खुशी का इंतजार है, परंतु पुल निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। वह आज भी पुल निर्माण का इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण पूरा नहीं होने के कारण नदी के पानी में से प्रतिदिन होकर आना जाना करना पड़ रहा है। वे शासन से गुहार लगा रहे हैं कि शीघ्र से शीघ्र इस पुल निर्माण के कार्य को पूर्ण किया जाए। जिससे जामुनढाना ग्राम के ग्रामीणों की परेशानी और समस्याएं समाप्त हो सके।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में 936 गर्भवती महिलाओं की जांच, 354 हाई रिस्क मिलीं



**बैतूल।** गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का समय पर पता लगाने और समय रहते उनका समुचित उपचार और पोषण संबंधी परामर्श सुनिश्चित कर सुरक्षित प्रसव करवाने के लिए शुरू किए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रतिमाह 9 एवं 25 तारीख को शिविर का आयोजन किया जाता है। अभियान के तहत जिले में आयोजित शिविर में 936 गर्भवती महिलाओं की जाचं की गई, 354 महिलाएं हाई रिस्क चिन्हित तथा 90 महिलाओं की सोनोग्राफी की गईं। शिविर में आई सभी महिलाओं की खून की जांच एवं जीडीएम की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि जिला चिकित्सालय बैतूल में मंगलवार को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ ईशा डेनियल द्वारा 80 गर्भवती महिलाओं की चिकित्सकीय जांच की गई, जिसमें 25 गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिन्हित किया गया। साथ ही 75 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की गई। सामुद्वायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा में महिला चिकित्सा अधिकारी डॉ.कविता सिमैया द्वारा 158 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 37 हाई रिस्क महिलाएं पाई गई। सामुद्वायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहपुर में पीजीएमओ डॉ रूपल श्रीवास्त द्वारा 124 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिसमें 37 हाई रिस्क महिलाएं पाई गई। सामुद्वायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोडाडोंगरी में पीजीएओ डॉ कविता कोरी द्वारा 100 गर्भवती महिलाओं की जांच, जिसमें 56 हाई रिस्क महिलाएं एवं 15 सोनोग्राफी की गई।

## जर्जर स्कूल भवनों से अधिकारी बेखबर

**शाहपुर।** शाहपुर विकासखंड के वर्षो पुराने स्कूल भवन अब जर्जर हालत में पहुंच गये है। परंतु आज तक अधिकारियों ने इन जर्जर भवनों की कोई सुध नहीं ली। हालात यह है कि सेमरपुरा स्कूल का भवन इतना जर्जर हो गया है कि अब शिक्षक और बच्चे भवन में बैठने से भी डरने लगे है। स्कूलो के शिक्षकों ने पत्र के माध्यम से इसकी सूचना शासन के उच्च अधिकारियों को दे दी है। परंतु स्कूल भवनों की मरम्मत को लेकर अब तक कोई कार्रवाही नहीं हुई है। ग्राम कामटी के स्कूल की हालत भी जर्जर है। जामुनधाना ग्राम के ग्रामीण कलीराम कवडे, संतोष ने जर्जर भवन के बारे में बताया कि यह भवन कभी भी हादसे का कारण बन सकते है। शिक्षकों ने उच्च अधिकारियों को जर्जर भवन की सूचना दे दी है।

**CHANGE OF NAME**

I, No. 14475560X Ex Nk Jagdish resident at VPO- Nandpur, The.- Amla, Distt.- Betul (M.P.), PIN- 460551 have changed my son's name from **DEEPANSHU CHOUHAN** to **DEEPANSHU CHAUHAN**, vide Affidavit dated 08-12-2025 before Notary Betul, Distt.- Betul (MP.)

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, MAMTA KHATARKAR is legally wedded spouse of No. 14817524P TS/NK ASHOK KHATARKAR resident of vill. KAJLI PO. SAHANGAV Teh. MULTAI Dist. Betul M.P. pin 460668 have changed my Name & DOB from **MAMATA** & DOB **06/03/1983** to correct Name is **MAMTA KHATARKAR** & DOB **04/03/1983** (in words- Four March Nineteen Eighty three). vide a affidavit dated 08/12/2025 before Notary Betul.

**CHANGE OF NAME**

I, No. 14817524P, TS/NK ASHOK KHATARKAR residing at Vill. KAJLIPost SAHANGAV Teh. MULTAI, Distt. BETUL M.P. Pin 460668 have changed my Son's Name from **DIVYANS to DIVYANSH KHATARKAR** with date of birth 17/02/2011 (in words- Seventeen February Two Thousand Eleven). vide a affidavit dated 08/12/2025 before Notary Betul.

**CHANGE OF NAME**

I, RAKSHA is legal daughter of No. 14817524P, TS/NK ASHOK KHATARKAR residing at Vill. KAJLIPost SAHANGAV, Teh.- MULTAI, Distt. BETUL M.P. Pin 460668 have changed my Name from **RAKSHA to RAKSHA KHATARKAR.** vide a affidavit dated 08/12/2025 before Notary Betul.

## आयुष विभाग की समीक्षा बैठक में सभी संस्थाओं को समय पर खोलने के निर्देश

### अधिकारियों को दी कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां

**बैतूल।** जिला आयुष कार्यालय बैतूल में मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला आयुष अधिकारी डॉ योगेश चौकीकर ने की। जिले की समस्त आयुष संस्थाओं से आयुष चिकित्सा अधिकारी और सामुदायिक आयुष चिकित्सा अधिकारी बैठक में उपस्थित हुए। डॉ योगेश चौकीकर ने सभी संस्थाओं को समय पर खोलने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही ड्यूटी समय पर वर्दी धारण करने, पहचान पत्र लगाने और आने वाले मरीजों से सद्व्यवहार करते हुए ऋतु के अनुसार आहार-विहार एवं योगाभ्यास करवाने पर भी जोर दिया।

बैठक में जिले में चल रही आयुष गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित रोगियों को आयुर्वेदिक औषधि वितरण, आयुष जन आरोग्य समिति का गठन, आरसीएमएस पोर्टल पर भूमि आवंटन, आयुष जन स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी और सामुदायिक आयुष चिकित्सा अधिकारियों के कार्यों की विशेष समीक्षा बैठक के मुख्य बिंदु रहे। जिलेभर के मेडिकल स्टोर्स पर अमानक औषधियों की जांच कराई



गई थी, जिसकी रिपोर्ट जिला आयुष अधिकारी डॉ योगेश चौकीकर के समक्ष प्रस्तुत की गई। बैठक के दौरान अधिकारियों को तनाव मुक्ति के लिए मध्य में लगभग 10 से 15 मिनट का योग ब्रेक भी दिया गया।

बैठक में डॉक्टर नितिन अतुलकर को एमडी में चयन होने पर सम्मानित किया गया। डॉ नितिन अतुलकर शासकीय आयुर्वेद औषधालय आमला में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के रूप में पदस्थ हैं। उनका चयन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में संहिता सिद्धांत एमडी के लिए हुआ है। सभी प्रक्रियाओं के साथ बैठक सफलता पूर्वक संपन्न हुई।

### दो दिवसीय जिला स्तरीय प्राकृतिक कृषि मेले का शुभारंभ

## 'स्थानीय स्तर के उत्पादों का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें'

**बैतूल।** दो दिवसीय जिला स्तरीय प्राकृतिक कृषि मेला का आयोजन पुलिस ग्रांउड बैतूल में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवांर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थित में किया गया।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खंडेलवाल ने किसानों को प्राकृतिक कृषि/जैविक खेती की ओर अग्रसर होने के लिए वैज्ञानिको के द्वारा दी गई तकनीकों का उपयोग करते हुए एवं कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र तथा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग से सत्तक संपर्क में रहते हुए लाभ लेने हेतु अवगत कराया। आमला विधायक डॉ. योगेश पंडागरे द्वारा अपने संबोधन में मानव स्वास्थ के लिये प्राकृतिक उत्पाद एवं स्थानीय स्तर के उत्पारदों का ज्यादा से ज्याादा उपयोग करने की सलाह दी गई।

मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि किसानो को कम क्षेत्र में प्राकृतिक कृषि करना चाहिए। जिससे उत्पादित अनाज जो की स्वयं के स्वाास्थ के लिये भी लाभदायक है और अन्य किसानों को भी प्राकृतिक कृषि कर अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिए




अवगत कराया गया। जिला स्तरीय प्राकृतिक मेला में महिला किसानो ने जीवामृत तैयार करने का जीवंत प्रदर्शन किया। जिसका मुख्य अतिथियों एवं किसानो के द्वारा अवलोकन किया और किसानों के उत्पादों की सराहना की।

इस अवसर पर सुधाकर पवांर जिला अध्यंक्ष भाजपा, महेश्वसर सिंह चंदेल जिला अध्यवक्ष किसान मोर्चा, माधोराव नानकर, सभापति कृषि स्थाई समिति जनपद पंचायत बैतूल, इन्द्र पाल पुन्डे जिला उपाध्यमक्ष भाजपा सहित बड़ी संख्या किसान और गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कृषि मेला में कृषि वैज्ञानिको के द्वारा स्थानीय जलवायु अनुरूप कृषि कार्यमाला अपनाने के लिए वैज्ञानिको, विषय वस्तु विशेषज्ञो द्वारा उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

#### इन्होंने लगाए स्टॉल

*मेले में प्रगति ग्रामीण विकास संस्था बैतूल, कृषि एजेंसी बैतूल गंज , जयराम गायकवाड डेरी एवं आर्गेनिक कृषि फार्म ग्राम बघोली, घोघीर एग्रोफेड फामर्स प्रोडयूसर कंपनी लिमि. बैतूल, प्रगति आजीविका फार्मर प्रोडयूसर कंपनी लिमि.मुलताई, प्रत्याीशा फाउंडेशन बैतूल सतपुडांचल किसान उत्पा दक कंपनी लिमिटेड शाहपुर, श्रीजी शुगर मिल, प्रदान संस्थात के द्वारा उत्पाकदीत अनाज एवं विभिन्नव गतिविधियों का प्रदर्शन स्टाल से किया। वहीं मछली पालन विभाग, पशु पालन एवं डेयरी विभाग, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्कटरण विभाग,कृषि विज्ञान केन्द्र , कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, वन विभाग, जिला व्यारपार एवं उद्योग केन्द्र , एमपी एग्रो इंड. डे. कार्पो., जल संसाधन विभाग, कृषि अभियांत्रिकी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा प्रदर्शन स्टाल लगाकर किया गया।*

**संक्षेप खबर**

### कल 3 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी

**इटारसी।** बुधवार, 10 दिसंबर 2025 को बूढ़ीमाता सब-स्टेशन से संचालित होने वाले 11KV मालवीयगंज फीडर की बिजली आपूर्ति मेंटेनेंस (रखरखाव) कार्य के चलते बंद रहेगी। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह विद्युत कटौती सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक, यानी कुल तीन घंटे के लिए की जाएगी। इस दौरान मालवीयगंज क्षेत्र में बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। कंपनी ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है। असुविधा से बचने आवश्यक कार्य पहले से निपटाने का अनुरोध किया है।

### वायरल के नियंत्रण के लिए समयिक सलाह

**सीहोर।** जिले में संभावित रोग मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के प्रभावी नियंत्रण के लिए अपने आसपास संपूर्ण साफ-सफाई की व्यवस्था के उपाय किए जाएं। मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया ओर बायरल बुखार जेसे रोगो के फैलने की संभावना होती है इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण रखें। आस-पास पानी एकत्रित होने वाली सभी अनुपयोगी वस्तुऐं जैसे टीन के डब्बे, कोंच, प्लास्टिक की बोतल, नारियल के खोल, पुराने टायर, इत्यादि का विनिष्टिकरण करें।

## इटारसी में 60 साल पुरानी हॉकी परंपरा का गौरवशाली पल की तैयारी

# एक शताब्दी की विरासत पर 14 से 'अखिल भारतीय हॉकी महाकुंभ'

हॉकी प्रेमियों का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। इटारसी में इस वर्ष भी अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता अगले सप्ताह से प्रारंभ होने जा रही है। इसके लिए तैयारियां पूरी हो गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




भारतीय हॉकी की 100 गौरवशाली वर्ष की पूर्ति के उपलक्ष्य में, नगर पालिका परिषद इटारसी इस वर्ष 14 दिसंबर से 21 दिसंबर तक मिनी गांधी स्टेडियम में अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन कर रही है। यह प्रतियोगिता इटारसी की छह दशक से अधिक पुरानी समृद्ध हॉकी विरासत को दर्शाती है। इस मेगा इवेंट की तैयारियों की जानकारी देने के लिए न्यास कॉलोनी स्थित ठाकुरजी गार्डन में मंगलवार को एक पत्रकारवार्ता आयोजित की गई।

इस अवसर पर मंच पर पंकज चौरे नगरपालिका अध्यक्ष, राहुल चौरे नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष, एससी लाल वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी, दीपसिंह ठाकुर कोच, निर्मल सिंह राजपूत नगर पालिका उपाध्यक्ष, सर्वप्रीत सिंघ भाटिया सचिव, जयराज सिंह भानू वरिष्ठ खिलाड़ी, रविन्द्र सिंह जोशी, शेख नियाज, गिडियन अल्फ्रेड, अमित श्रीवास, गोलू भाटिया, बिट्टू बोहरा जैसे वरिष्ठ खिलाड़ी और सामाजिक कार्यकर्ता मनीष सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र दुबे मौजूद रहे। संचालन जयकिशोर चौधरी ने, आभार प्रदर्शन शैलेन्द्र दुबे ने किया।

### स्पर्धा की मुख्य घोषणाएं

मंचासीन अतिथियों ने पत्रकारों को बताया कि यह आयोजन जन सहयोग और नगर पालिका परिषद के समर्थन से हो रहा है। 14 दिसंबर से शुरू होकर 21 दिसंबर को मिनी गांधी स्टेडियम में समापन होगा। पूरे भारत से लगभग 20 उत्कृष्ट हॉकी टीमें इस महाकुंभ में हिस्सा लेंगी। नगर पालिका परिषद ने टूर्नामेंट के लिए 9 लाख की राशि स्वीकृत की है, जबकि शेष राशि जनसहयोग से जुटाई जाएगी। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग के आने की स्वीकृति मिल चुकी है।

### नए बदलाव के साथ होगी प्रतियोगिता

भारतीय हॉकी के शताब्दी वर्ष के चलते, प्रतियोगिता में दो बड़े बदलाव किए गए हैं, पुरस्कारों की संख्या बढ़ाकर तीन की गई है और प्राइज मनी में वृद्धि करके प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपए किया है। इस वर्ष प्रतियोगिता में घोषित तीन पुरस्कारों के अलावा मिहानी परिवार की ओर से विशेष योगदान के रूप में एक महत्वपूर्ण घोषणा 1 लाख 11 हजार रुपए देने की गई है। समिति ने मिहानी परिवार का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

**यह पूरे शहर का आयोजन**

यह प्रतियोगिता नगर पालिका परिषद द्वारा करायी जाती है, इस वर्ष यह आयोजन बच्चों की परीक्षाओं की तिथियों को देखते हुए दिसंबर माह में हो रहा है, आगे भी दिसंबर माह में ही कराया जाएगा। यह प्रतियोगिता पूरे शहर का आयोजन है, इसमें सबका सहयोग मिलता रहा है, आगे भी मिलेगा।

पंकज चौरे, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद

**सभी का मिला है सहयोग**

हॉकी हमारी धरोहर है। हम इस परंपरा को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं और हर वर्ष की तरह इस बार भी सबके सहयोग से यह भव्य आयोजन किया जाएगा।

राहुल चौरे अध्यक्ष, प्रतियोगिता समिति

**ज्यादा टीमें लाने की कोशिश**

60 वर्ष से मैं यह टूर्नामेंट देख रहा हूं। यह इटारसी का गौरव है कि जहां प्रदेश की बड़ी-बड़ी प्रतियोगिताएं बंद हो गईं, हम कुछ देश की ज्यादा नामी टीमों को लाने की कोशिश कर रहे हैं।

एससी लाल, वरिष्ठ खिलाड़ी

## जर्जर रेलवे पुल पर बड़ा खतरा इटारसी में एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



द पार्क रिसोर्ट के सामने रेल्वे द्वारा निर्मित एक पुल के मात्र दो साल में ही अत्यंत जर्जर और क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद, स्थानीय सामाजिक संस्था संडे सोशल फाउंडेशन ने निर्माण में भष्टाचार और लापरवाही के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। संस्था के अध्यक्ष राम सेवक जोठे ने थाना प्रभारी, इटारसी को सौंपे प्रार्थना पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं।

**लापरवाही और भष्टाचार के आरोप:** पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पुल का निर्माण लगभग 02 वर्ष पूर्व रेल्वे निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था। लेकिन इतनी कम अवधि में ही पुल का जर्जर होना यह दर्शाता है कि निर्माण कार्य में अनियमितता, भष्टाचार, निम्न स्तरीय सामग्री का उपयोग और गंभीर लापरवाही बरती गई है। संस्था ने चेतावनी दी है कि पुल की संरचना लगातार कमजोर हो रही है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा व जनहानि हो सकती है और आम जनता की सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

**कार्यवाही की मांग:** यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित अधिकारियों, ठेकेदार या निर्माण एजेंसी ने अवैध आर्थिक लाभ के लिए कम गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया है।

संडे सोशल फाउंडेशन ने मांग की है कि निर्माण में हुई भष्टाचार व अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कर उचित धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए। संस्था ने कई कृत्य सूचीबद्ध किए हैं जो भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आते हैं, जिनमें शामिल हैं किसी व्यक्ति के जीवन को या सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालना, सार्वजनिक मार्ग/पुल को खतरनाक बनाना, अपराधिक विश्वास भंग, सार्वजनिक/सरकारी धन का गबन या दुरुप्रयोग।

**आगे की कार्रवाई की मांग:** संगठन ने अनुरोध किया है कि निर्माण कार्य में शामिल सभी जिम्मेदार अधिकारी, इंजीनियर, निरीक्षण दल और ठेकेदार/कंपनी के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुल की तकनीकी सुरक्षा जांच कराने की भी मांग की गई है।

## ट्रायल के बहाने चोरी, ध्यान भटकाकर ग्राहक हुआ चंपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के व्यापारियों को कपड़े चोरी होने की घटनाओं के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता है। सोमवार को इटारसी की चावल लाइन स्थित गुडिय़ा फैशन नामक दुकान पर एक ग्राहक द्वारा ट्रायल के बहाने नया जैकेट (जरकिन) पहनकर भाग जाने का मामला सामने आया है।

### सीसीटीवी में कैद हुई घटना

बताया गया है कि चोरी की यह वारदात तब हुई जब एक दुबला-पतला शख्स दुकान पर जरकिन की ट्रायल ले रहा था। दुकानदार का ध्यान जैसे ही इधर-उधर हुआ, वह व्यक्ति नया जैकेट पहनकर चुपचाप नौ दो ग्यारह हो गया। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। बताया जा रहा है कि इस कृत्य को अंजाम देने वाले व्यक्ति का नाम सनी शर्मा है, जो जमानी रोड स्थित कृष्ण विहार कॉलोनी का रहने वाला बताया जाता है।

व्यापारियों से अनुरोध किया गया है कि वे ऐसे लोगों से सावधान रहें जो कपड़े पहनकर देखते हैं और बिना पैसे दिए ट्रायल लेते-लेते नए कपड़े पहनकर निकल जाते हैं।

### पुलिस में शिकायत की तैयारी

पीड़ित दुकानदार ने शीघ्रता दिखाते हुए इस संबंध में पुलिस थाना पहुंचकर अपनी औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। घटना के बाद व्यापारियों से आग्रह है कि वे अपनी दुकानों पर ग्राहकों के ट्रायल लेते समय विशेष निगरानी रखें।

### राज्यसभा सांसद ने दिया संसद में ट्रेन का नाम बदलने का प्रस्ताव

**नर्मदापुरम।** राज्यसभा के चल रहे सत्र में मंगलवार को राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने भारतीय रेल की नव-संचालित जबलपुर–रायपुर एक्सप्रेस इंटरसिटी (11720) ट्रेन के नामकरण का मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस दिशा में आकृष्ट करते हुए कहा कि देश की आध्यात्मिक धरोहर और सामाजिक परिवर्तन में अपना अमूल्य योगदान देने वाले जैनाचार्य विद्यासागर जी महाराज के नाम पर इस ट्रेन का नाम रखा जाना चाहिए। माया नारोलिया ने कहा कि आचार्य विद्यासागर जी महाराज ने अपने 58 वर्षों के दीक्षा जीवन में शिक्षा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, गौ-सेवा और अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाया। उनके मार्गदर्शन में स्थापित 150 से अधिक शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाएँ आज लाखों विद्यार्थियों और परिवारों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। उन्होंने बताया कि आचार्यश्री का आध्यात्मिक प्रभाव केवल मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं है।

## अतिक्रमण करने पर दुकानदारों पर 3000 रुपए जुर्माना लगाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के व्यस्ततम बाजार क्षेत्र में सड़क किनारे अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले हाथ ठेला दुकानदारों के खिलाफ नगर पालिका (नपा) की राजस्व टीम ने सख्त कार्रवाई की है।

नगर पालिका कार्यालय की राजस्व टीम ने मंगलवार को बाजार के अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन हाथ ठेला दुकानदारों पर कुल तीन हजार रुपए का जुर्माना लगाया। राजस्व निरीक्षक गजेंद्र पांडे और अन्य कर्मचारियों के नेतृत्व में यह कार्रवाई मुख्य रूप से नीमबाड़ा, मोहन काका चौक, मीनाक्षी चौक और स्टेशन के सामने वाले क्षेत्रों में की गई। नपा अमले द्वारा बार-बार समझाने के बावजूद दुकानदारों के नहीं मानने पर यह सख्ती बरती गई।नगर पालिका ने इन दुकानदारों को भविष्य में सड़क किनारे अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी भी दी है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26: अटल पार्क में एसवीएम के बच्चों ने ली स्वच्छता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए, न्यास कॉलोनी स्थित साईं विद्धा मंदिर स्कूल के बच्चों ने आज शहर के बीचों-बीच स्थित अटल पार्क का भ्रमण किया। यह भ्रमण बच्चों की स्वच्छ सर्वेक्षण में सहभागिता सुनिश्चित करने और उन्हें प्रकृति से सीधे जोडऩे के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

### नपाध्यक्ष ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

इस अवसर पर, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बच्चों और स्कूल स्टाफ को शहर की स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की शपथ दिलाई। उन्होंने शहर को यह संदेश दिया कि हम सभी को सबसे पहले स्वयं को, फिर घर को, और उसके बाद स्कूल व अपने परिवेश को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। नपाध्यक्ष ने स्कूल संचालक आलोक गिरोटिया, मनीषा गिरोटिया, समस्त स्कूल स्टाफ के सदस्यों और नन्हें मुन्ने बच्चों को शपथ दिलाते हुए कहा कि वे नगर पालिका परिषद द्वारा शहर की स्वच्छता के लिए किए जा रहे प्रयासों में सक्रिय सहभागी बनें और शहर के पर्यावरण को शुद्ध बनाने में योगदान दें।

शपथ के माध्यम से बच्चों को कचरा प्रबंधन की बारीकियां सिखाई गईं।

उन्हें यह बताया गया कि कैसे व्यर्थ खाद्य सामग्री (गीला कचरा), रैपर, कागज, धूल, पन्नियों (सूखा कचरा) जैसी वस्तुओं को अलग-अलग संग्रहित करना है। बच्चों को घर, आसपास, बाज़ार या स्कूल में कचरे को केवल डस्टबीन में ही डालने का संकल्प दिलाया गया, ताकि शहर को कचरा मुक्त बनाया जा सके। स्कूल संचालक ने बताया कि एक्सकर्शन के दौरान बच्चों को कई रोचक गतिविधियां भी कराई गईं।

## 5 वर्ष से अधिक समय से जमा नहीं हुआ इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट टैक्स, संस्थान को जारी किए गए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनारी के खापा में जेल रोड पर सरकारी जमीन पर जो व्यापारी वर्ग ने जिला प्रशासन से 150रूपे वर्ग फिट के मान से लीज पर 30साल के लिए ली है। जहां पर दाल मिल राइस मिल नमकीन फेक्ट्री सहित अन्य सभी व्यवसाय है। सरपंच प्रीतम सिंह पुरबिया ने बताया कि एन ओ सी लेते वक्त राशि जमा कराई गई थी। उसके बाद से लगभग 5 वर्ष हो चुका है। कोई टेक्स जमा नहीं किया गया है।

अनेकानेक बार नोटिस जारी किए गए हैं। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। रोजगार सहायक सुनील रघुवंशी ने नोटिस जारी कर दिया गया है। फिर भी आज दिनांक तक टेक्स जमा नहीं किया गया है। जिनमें सुशील गांधी राइस मिल, प्रगति राइस मिल,आर आर एम एन एम के राइस मिल है।बैंकटेस एग्रो दाल मिल, गिरिराज दाल मिल कचनार नमकीन फेक्ट्री,माधव फूड्स दाल मिल क्रषणा इंदौर नमकीन फेक्ट्री, स्वास्तिक एग्रो, नमकीन फेक्ट्री, ब्रजराजएग्रो दाल मिल,मंगलम फ़ूड दाल मिल, सहित अन्य सभी विद्यालयों का भी वकाया है।

इस बारे में आनंद दीपक राठी दाल मिल संचालक ने बताया कि जमीन लीज पर दी गई थी। उस समय पर कोई जानकारी नहीं दी गई थी। नोटिस जारी की जानकारी मिली है। तो अब चर्चा करने के बाद विचार किया जाएगा।

## लायंस क्लब ने आयोजित किया शिविर आयोजन, दिया परामर्श



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद क्षेत्र लायंस क्लब के द्वारा निशंतान को परामर्श देने के लिए शिविर आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 75जोडो को विशेषज्ञ के द्वारा परामर्श दिया गया।

इस दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे जिसमें समस्याओं को विस्तार से सुना गया तथा उनका मार्गदर्शन करते हुए उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई।

आमजन के लिए लायंस क्लब से मनीष शाह ने 2वरष पूर्व भी आयोजन किया गया था। इस दौरान क्लब के अध्यक्ष सहित सभी लोग शामिल हुए। 21 दिसंबर को हथवासके एक निजी विद्यालय में नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा।

## खैरा पंचायत में जारी हैं वित्तीय अनियमित्ताएं रिकॉर्ड में बिलों का नहीं है हिसाब-किताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरा एक बार फिर चर्चा में है। एक ही दिन में लगभग 15लाख का भुगतान किया गया है। मटेरियल सप्लायर के नाम पर। टीटीनगर एस सी मुहल्ले में रास्ता नहीं है। पानी भरा हुआ है। गड्ढे होने से लोग पैदल चलकर नहीं जा पा रहे हैं। पुर्णिमा संक्रांति मढ़ ई भरना मां नर्मदा का किनारा है। लेकिन सचिव उमाशंकर पटेल ने आज तक सफाई व्यवस्था नहीं कराई गई है।

पंचायत में अभी लगभग 25लाख रुपए हैलेकिन सरपंच रघुवीर सिंह पटेल के कहने पर भी सचिव टीएसनही करा रहे हैं। सरकारी भवन में 2भाईयो का डेरा है। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। नाली सफाई व्यवस्था नहीं है।जिसके कारण पूर्व सरपंच गुरदयाल कुशवाहा जो लगातार साष्टांग दंडवत करके जाने वाले तथा परिक्रमा वासियों को भंडारे तथा रोकने की व्यवस्था है।

वह बताते हैं नालीबंद होने सफाई व्यवस्था नहीं है तो लोगो को बार बार पैर धोने पड़ता है।3 गांव लगे हैं सरपंच ने बताया कि लगभग 4सीसी रोड लगभग इतनी ही नालीबन सकते हैं इतनी राशि जमा होने पर भी सचिव कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। सरपंच को हार्ट सर्जरी की शिकायत है। इसलिए वह आवागमन करते नहीं है। निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी बताई गई है। फर्जी बिल भी तैयार किए गए हैं।

जबकि रिकार्ड लेजर तथा वास्तविक स्थितिमे काफी अंतर है। नर्मदा नदी पर नाव चलती है उसका भी कोई हिसाब नहीं है। सचिव सप्ताह में 3दिन पंचायत जाते हैं। शेष दिन हमेशा ताला लगा रहता है। इस बारे में सीईओ प्रबल अरजरिया से बात करना चाही तो मोबाइल रिसीव नहीं किया।

### नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

## जेल में हुई बंदियों के नेत्रों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर ब्लॉक क्षेत्र में जन कल्याणकारी कार्यों के लिये आमजनों में ख्यात हेल्थ पर्यावरण संस्था द्वारा लगातार समाजहित के कार्य किये जाते हैं। अब संस्था ने पिपरिया उपजेल में बंद कैदियों के लिये सोमवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया है।

जानकारी अनुसार सोहागपुर की हेल्थ पर्यावरण संस्था ने सोमवार की सुबह सेवा सदन अस्पताल भोपाल के सहयोग से पिपरिया उपजेल में कैदियों के लिये यह शिविर किया। जिसमें चिकित्सकों ने कैदियों की आंखों की जांच की। चिकित्सकों ने कैदियों को नेत्र स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी प्रदान किये। इसके अलावा चिकित्सकों ने पुलिस कर्मियों की भी आंखों की जांच की। जांच दौरान कैदियों तथा पुलिसकर्मियों में नेत्ररोगी पाए गए। जिन्हें ज़रूरी दवाएं दी गई। हेल्थ पर्यावरण संस्था की ओर से सिख समाज धर्मगुरु ज्ञानी सुरजीत सिंह ने बताया कि संस्था सदैव जनसेवा के कार्य करती है। सोमवार को किये गए कार्यक्रम में जेल अधिकारियों व कर्मचारियों सहित सेवा सदन हॉस्पिटल टीम तथा आयोजक संस्था से ज्ञानी सुरजीत सिंह, संजय भोसले, शेख असलम व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। शिविर दौरान 12 चश्मे रोगियों रोगियों को निशुल्क वितरित किये गए।

## रेड रिबन क्लब ने एड्स जागरुकता रैली और मानव श्रृंखला बनाकर किया लोगों को जागरूक



**रेहटी।** शासकीय महाविद्यालय रेहटी के रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एड्स जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अंजलि गढ़वाल के संरक्षण में महाविद्यालय परिसर से लेकर रेहटी बस स्टैंड तथा बाजार में किया गया रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ पुनीत कुमार मालवी के निर्देशन में इस रैली का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को एडस के प्रति जागरूक करना है। रेहटी के हनुमान चौक पर पहुंचकर विद्यार्थियों के द्वारा मानव श्रृंखला रेड रिबन चिन्ह बनाकर एड्स जागरूकता का संदेश 'डरना नहीं समझना होगा एड्स को दूर भगाना होगा' लोगों को दिया। इसमें डॉ दीपक रजने डॉ सुरेश सोलंकी डॉ मनमोहन द्विवेदी राजाराम रावते डॉ मंजुलता नागरे दीपक जाटव मेघदूत शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अभाविप ने उठाई ब्लॉक अंतर्गत शैक्षणिक व्यवस्थाओं में सुधार की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने विभाग संयोजक मृदुलनाथ चौहान के नेतृत्व में मंगलवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के नाम ब्लॉक की शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार की मांग का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

परिषद कार्यकर्ताओं के अनुसार ब्लॉक में शैक्षणिक व्यवस्था ठीक नहीं है। ज्ञापन अनुसार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला शोभापुर प्राचार्य द्वारा शिक्षकों से अभद्रता की जाती है। पहले भी प्राचार्य द्वारा छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत की गई, लेकिन प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की। ज्ञापन अनुसार शासकीय बालक उत्कृष्ट शाला सेमरी हरचंद विद्यालय के भवन व प्रसाधन की स्थिति गंभीर है एवं स्कूल का खेल मैदान अनुपयोगी है। स्कूल में प्रायोगिक कक्षाएं नियमित नहीं लगने की शिकायत भी की गई है।

वहीं ज्ञापन में उल्लेख है कि शासकीय बालिका उच्चतर माध्यमिक शाला सेमरी हरचंद में आर्थिक गड़बड़ी का विषय सामने आया है। प्रभारी व कर्मचारियों की मिलीभगत से लाखों रुपए का लेनदेन हुआ है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग संगठन ने की है। शासकीय कस्तूरबा बालिका छात्रावास सेमरी हरचंद में पानी की टंकी की चोरी होने तथा शासकीय शाला महुआखेड़ा में समय से पूर्व शाला बंद करने की भी शिकायत की गई है। ज्ञापन में उल्लेख है कि सभी विषयों पर उच्च स्तरीय कार्यवाही ना होने पर परिषद वृहद आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रांत कार्यकारिणी सदस्य यशवंत दुबे, विभाग संयोजक किशन चौबे, नगर मंत्री राहुल रघुवंशी, अमन सोनी, सौरभ प्रजापति, मोहित मीना, शिवम रघुवंशी, तीरथ अहिरवार, सोनू कुशवाहा, प्रशांत रघुवंशी, आयुष शर्मा, मयंक रघुवंशी, अनिल रघुवंशी, प्रशांत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

# राशन नहीं मिलने की शिकायत की, जिला आपूर्ति अधिकारी को निराकरण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजली जोसेफ, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।


जनसुनवाई में छीपाबड़ निवासी दुर्गाप्रसाद राजपूत ने कलेक्टर को आवेदन देकर राजस्व रिकार्ड में अपने पुत्र का नाम दुरस्त कराने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उन्होंने तहसीलदार खिरकिया को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। ग्राम कुकरावद निवासी सुशीला बाई ने जनसुनवाई में आवेदन देकर राशन नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये। हरदा निवासी अजीज खान ने राशन कार्ड पुनः चालू कराने की मांग की, जिस पर जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदक की पात्रता अनुसार पुनः राशन पर्ची चालू कराने के निर्देश दिये गये। जनसुनवाई में ग्राम कपासी निवासी लक्ष्मीबाई ने अपने पुत्र की दिव्यांगता पेंशन प्राप्त न होने के संबंध में शिकायत की, जिस पर उप संचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये। हरदा निवासी सुभाष शर्मा ने नाली व आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये गये।

### घुटने के बल आया युवक

जनसुनवाई में एक युवक घुटने के बल चलकर पहुंचा। युवक ने गांव में बन रही सड़क के काम में घर के सामने गड्ढा किए जाने की समस्या बताई। ग्राम भुन्नास निवासी प्रेमनारायण सिरोही ने बताया कि छोटी हरदा से भुन्नास तक लगभग आठ किलोमीटर लंबाई का मार्ग निर्माण बीते एक साल से चल रहा है। सड़क निर्माण के दौरान उनके घर के सामने करीब बीस फीट का गड्ढा कर दिया गया है, जिससे आने-जाने में गंभीर परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग और जनसुनवाई में पहले भी शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई हल नहीं निकला। उनका कहना है कि घर के सामने पुलिया का निर्माण होना चाहिए ताकि आने-जाने में सुविधा हो। इस मामले पर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एन. प्रजापति ने बताया कि आठ करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मार्ग पर बारह जगह पुलिया बनाई गई है। उन्होंने कहा कि शासन के पास इतना बजट नहीं है कि हर घर के सामने पुलिया बनाई जा सके।

# किसान संघ की चेतावनीः समस्याओं का निराकरण 15 तक नहीं हुआ तो आंदोलन

## किसानों की ज्वलंत समस्याओं के निराकरण के लिए दिया ज्ञापन



**हरदा।** भारतीय किसान संघ ने किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं के निराकरण के संबंध में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी हरदा अशोक कुमार डेहरिया को ज्ञापन सौपा। भारतीय किसान संघ के तहसील मीडिया प्रभारी दीनबंधु गौर ने बताया कि प्रत्येक किसानों को सोयाबीन पर भावांतर राशि मंडी मॉडल रेट एवं समर्थन मूल्य के अंतर की राशि किसानों को दी जाए।

सोयाबीन की राहत राशि को भावांतर योजना में समायोजन न किया जाए किसानों को सोयाबीन की तरह मंडी में विक्रय की गई मक्का पर भी भावांतर योजना के अंतर्गत समर्थन मूल्य 2400 और मंडी मॉडल रेट के अंतर की राशि किसानों को दी जाए। हरदा कृषि उपज मंडी में 15 टन का एक अतिरिक्त तोल कांटा लगाया जाए। किसानों को डीएपी और यूरिया खाद वितरण की प्रक्रिया पंजीयन जैसी व्यवस्था की जाए। जिससे किसान ऑनलाइन भुगतान करने के बाद भुगतान पर्ची दिखाकर अपना खाद प्राप्त कर सके। बैंकों द्वारा किसानों की सिविल रेटिंग को अपडेट किया जाए। केसीसी में गारंटर किसानों के सिविल को खराब ना किया जाए और केसीसी में जब जमीन की पुस्तिका बंधक रखी जाती है तो गारंटी की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। किसानों के द्वारा राजस्व विभाग में सीमांकन के लिए आवेदन किया जाता है उसे आवेदन पर एक निश्चित समय सीमा में कार्रवाई की जाए। सोनतलाई रेवापुर पहत गांव के टेल क्षेत्र तक किसानों को नहर का पानी उपलब्ध कराया जाए। इस तरह विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान संघ ने तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौपा। इस दौरान हरदा तहसील अध्यक्ष अरुण पटवारे, मंत्री विनय यादव, तहसील प्रभारी राजेंद्र बाँके, संभागीय सदस्य बृजमोहन राठौर, संभागीय सहमंत्री रामकृष्ण मुकाती, जिला व्यवस्था प्रमुख बालकदास छापरे, दीपक यादव, संतोष गौर, नारायन मालवीय सहित अन्य सदस्य उपस्थिति रहे।

समस्याओं के निराकरण समय सीमा मे नहीं हुआ तो 15 दिसम्बर को जिला स्तरीय आंदोलन करेगा। भारतीय किसान संघ - भारतीय किसान संघ के जिला प्रवक्ता राजनारायण गौर ने कहा कि भारतीय किसान संघ निरंतर किसने की समस्याओं के लिए अग्रसर रहता है। इस ज्ञापन के बाद समस्याओं के संबंध में भी यदि संघ कि मांगो का निराकरण नहीं किया गया तो शासन प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि या तो उक्त समस्याओं का निराकरण समय सीमा में किया गया नहीं तो 15 दिसंबर को जिला स्तरीय आंदोलन करेगा।

# जादू नहीं विज्ञान है समझना समझाना आसान है कार्यक्रम का किया आयोजन




**खिरकिया।** पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया में राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान समग्र शिक्षा अभियान मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी जिला हरदा के निर्देशानुसार विज्ञान प्रतियोगिता विज्ञान प्रदर्शनी विज्ञान के प्रति जागरूकता अभियान जादू नहीं विज्ञान है समझना समझाना आसान है। गतिविधियों का विकासखंड स्तरीय आयोजन पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया के प्रांगण में मंगलवार को सुबह 9:30 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजन किया गया।

विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने उन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और विभिन्न चमत्कारिक घटनाओं के पीछे निहित विज्ञान के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन मेले के रूप में किया गया गतिविधियों के आयोजन में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिरकिया एसडीएम शिवांगी बघेल उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को जादू नहीं विज्ञान है के उद्देश्यों उन्होंने कहा की मुख्य उद्देश्य विज्ञान के चमत्कारों के माध्यम से स्कूली बच्चों का ज्ञानवर्धन करना विज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना प्रयोग को समझने हेतु सरल बनाना एवं जन सामान्य में व्याप्त अंधविश्वास को दूर करना है । विज्ञान में अनेक ऐसी रासायनिक एवं भौतिक घटनाएं हैं जो चमत्कारिक है उन्होंने कहा कि समस्त प्राचार्य एवं शिक्षक साथी इन चमत्कारी घटनाओं को सीखें समझ करके देखें तथा इन चमत्कारों का सतत प्रदर्शन स्कूली बच्चों के बीच करें ताकि बच्चों में ज्ञानवर्धन हो एवं बच्चों के माध्यम से जन सामान्य में व्यक्त अंधविश्वास को दूर करने में भी सहायक हो सके ।

कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी जिला हरदा से योगेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित होकर जादू नहीं विज्ञान है समझना समझाना आसान है कार्यक्रम की प्रशंसा की कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप रिछारिया उपस्थित होकर उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि यदि इन चमत्कारी घटनाओं का प्रदर्शन स्कूली बच्चों के बीच सतत रूप से किया जाए तो बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृति होगी एवं उनके बौद्धिक ज्ञान में वृद्धि होगी कार्यक्रम में पीएम श्री एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की संकुल प्रभारी प्राचार्य रचना राय ने विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का प्रतिवेदन वाचन किया एवं आभार प्रदर्शन सुनील कुमार सोंधिया के द्वारा किया गया कार्यक्रम में कुड़वा प्राचार्य शरीफ खान उपस्थित होकर बच्चों को विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने हेतु बहुत से उपाय बताएं विज्ञान प्रभारी शिक्षिका शीतल बिरला ने विज्ञान प्रतियोगिता में सभी सहभागी विद्यालय के सहयोगी शिक्षक एवं छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी मंच का संचालन जगदीश टेमले प्रभारी प्राचार्य सोमगाँव कला के द्वारा किया गया।

# आईजी ने किया पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण, कर्मचारियों से की सीधी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



नर्मदापुरम रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) मिथिलेश कुमार शुक्ला ने मंगलवार को हरदा पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने परेड की सलामी ली और कर्मचारियों से सीधे बातचीत की। आईजी शुक्ला ने सुबह 9 बजे पुलिस परेड मैदान पर परेड की सलामी ली। उन्होंने जवानों के टर्नआउट का निरीक्षण किया, कई जवानों की सराहना की और कुछ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने अलग-अलग ग्रुपों की परेड देखकर एक महीने में परेड आयोजन के बारे में भी जानकारी ली। पुलिस बैंड द्वारा दी गई प्रस्तुति की आईजी ने प्रशंसा की।

निरीक्षण के दौरान, आईजी ने पुलिस लाइन में मौजूद संसाधनों का जायजा लिया, अधिकारियों से बातचीत की और दस्तावेजों की जांच की। उन्होंने पुलिस वाहनों के रखरखाव का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों तथा जवानों को मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण के सुझाव दिए। आईजी ने दरबार लगाकर कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने पुलिस वाहनों का निरीक्षण करते हुए उनके उचित रखरखाव पर जोर दिया। वाहन चालकों को इनाम भी दिए गए और उन्हें माइक पर बोलने का अभ्यास करने की सलाह दी गई, ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति में जनता को सही सूचना दी जा सके। आरआई को चालक प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। परेड के बाद, आईजी ने पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मेलन आयोजित किया। इसमें उन्होंने विभाग को एक आदर्श पुलिस बल के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों की समस्याओं को सुना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। आईजी ने जवानों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की भी सलाह दी।

इस दौरान, आईजी ने बैंड पार्टी में शामिल स्कूली बच्चों से भी बातचीत की और उनके भविष्य के लक्ष्यों के बारे में पूछा। बच्चों ने इंजीनियर, डॉक्टर और व्यवसायी बनने की इच्छा व्यक्त की। आईजी ने उन्हें देश सेवा के लिए पुलिस, सेना सहित अन्य बलों में शामिल होने के लिए भी प्रेरित किया। मीडिया से चर्चा करते हुए आईजी शुक्ला ने कहा कि जिले के गठन के बाद से परिस्थितियां बदली हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि बल की कमी के बावजूद, हरदा के जवानों ने बेहतर पुलिसिंग का प्रदर्शन किया है।

## नेशनल लोक अदालत

# प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




**हरदा।** जिला न्यायालय हरदा में 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को लोक अदालत के आयोजन की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा अरविंद रघुवंशी ने मंगलवार को प्रचार वाहन रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रघुवंशी ने बताया कि 13 दिसम्बर को जिला मुख्यालय हरदा और सभी तहसील न्यायालयों में आयोजित होने वाली लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी राजीनामा योग्य सिविल और आपराधिक शमनीय प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। श्री रघुवंशी ने आमजन से अपील की है कि अपने राजीनामा योग्य प्रकरण यथा मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, बैंक व वसूली से संबंधित प्रकरण, समझौता आपराधिक प्रकरण, चैक बाउंस से संबंधित प्रकरण, भरण पोषण, विद्युत अधिनियम, दीवानी प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराये व लोक अदालत का लाभ उठायें।

कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुधीर कुमार चौधरी, विशेष न्यायाधीश व नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत जयदीप सिंह, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश निसार अहमद खान, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश निमिष राजा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लवकेश सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रशेखर राठौर, प्रेमदीप शाह, एस.के. भदकारिया, संजीव राहंगडाले, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी काजल पटेल, जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ जगदीश विश्वकर्मा, सचिव जिला अधिवक्ता संघ शैलेन्द्र जोशी, डिफेंस काउंसिल्स, अधिवक्तागण एवं जिला न्यायालय और जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने वृद्धजनों से की चर्चा, बांटे कम्बल, मरीजों का हाल जाना

# रात्रि में वृद्धाश्रम व जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शीतलहर के दृष्टिगत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार रात्रि में वृद्धाश्रम व जिला चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से चर्चा कर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होने जिला चिकित्सालय में मरीजों से चर्चा कर हाल जाना। भ्रमण के दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम में वृद्धजनों व जिला चिकित्सालय में मरीजों एवं मरीजों के परिजनों को कंबल वितरित किये। इस दौरान अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, एसडीएम हरदा अशोक डहेरिया, सीएमएचओ डॉ. एच.पी. सिंह सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।

### हादसे में घायल युवक को किया भोपाल रेफर

**हरदा।** मंगलवार को जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम नोसर के पास हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए पहले जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए भोपाल रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, टिमरनी के वार्ड नंबर दो निवासी राहुल पिता मानक घाटे (उम्र 34 साल) अपने दोस्त राहुल पिता अमरसिंह यादव के साथ बाइक से घूमने गया था। इस दौरान राहुल यादव बाइक चला रहा था, जबकि राहुल घाटे पीछे बैठा था। तेज रफ्तार चलती बाइक से राहुल घाटे अचानक पीछे की तरफ गिर गया। इस हादसे में उसे सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद उसे तत्काल टिमरनी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे हरदा जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद, उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे भोपाल रेफर कर दिया गया है।

### आज मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस

**सीहोर।** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस 10 दिसम्बर को मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस सभी के लिए स्वास्थ्य के बिना कोई सम्मान, स्वतंत्रता और न्याय नहीं हो सकता 10 दिसंबर 2025 को मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 77वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। हर साल संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा इस दिन को मनाने की थीम की घोषणा की जाती है। इसका मतलब है कि स्वास्थ्य सभी लोगों के लिए एक मौलिक मानव अधिकार है।

# जिले की 93562 लाड़ली बहनों को 13 करोड़ 72 लाख की राशि अंतरित



**हरदा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छतरपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र राजनगर के सती की मढ़िया में आयोजित महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की एक करोड़ 26 लाख से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में लगभग 1857 करोड़ 62 लाख रुपये राशि अंतरित की। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजनगर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम में जिले की 93562 लाड़ली बहनों के खाते में 13,72,81,900 रूपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई। इनमें जनपद पंचायत हरदा की 23757, जनपद पंचायत खिरकिया की 22955, जनपद पंचायत टिमरनी की 25954, नगर पालिका हरदा की 11703, नगर परिषद खिरकिया की 3552, नगर परिषद सिराली की 2291 तथा नगर परिषद टिमरनी की 3350 लाड़ली बहनें शामिल है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी राजा रंगारे, परियोजना अधिकारी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व लाड़ली बहनें उपस्थित थी।

## 132 केवी विद्युत लाइन का कनेक्शन नहीं होने से बिगड़े हालात

# बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना पर मंडरा रहे संकट के बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या



बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना की 132 केवी विद्युत लाइन में तार लगाने का मामला फिलहाल सुलझने के आसार नहीं है। अपनी मांगों को लेकर तीन गांवों बगदा बुजुर्ग, बगदा खुर्द और गोराड़िया के 21 किसान अड़ गए हैं। किसान महासंघ के प्रतिनिधि मंडल के निराश लौटने के बाद परियोजना पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं और अब गेंद जिला प्रशासन के पाले में है।

गौरतलब है कि नर्मदा घाटी विकास विभाग,जीवीपीआर इंजीनियरिंग, हैदराबाद और फिर राष्ट्रीय किसान महासंघ के श्यामसिंह पंवार के नेतृत्व में वहां पहुंचे प्रतिनिधि मंडल को भी निराशा मिली है। विडंबना है कि अहिरखेड़ा (भगवानपुरा) पम्प हाउस क्रमांक 3 से 2 तक 30 किमी लम्बी विद्युत -लाइन प्रस्तावित थी। लेकिन वन विभाग की अनुमति नहीं मिलने और दीर्घावधि में उक्त कार्य नहीं होने से यह परियोजना पिछड़ गई थी। इस नए एलायमेंट के अनुसार पम्प हाउस क्रमांक 2 नलवा तक 30 किमी विद्युत लाइन में 99 टावर स्थापित कर दिए गए हैं। इनमें से 27.5 किमी में तार लगा दिए गए हैं और ग्राम बगदा बुजुर्ग से नलवा तक 2.5 किमी तार लगाने का उक्त किसान विरोध कर रहे हैं। फलस्वरूप 65 गांवों की 19252.2 हेक्टर भूमि में इस रबी-फसलें सिंचित हो सकेगी? इस ज्वलंत सवाल का उत्तर भविष्य के गर्त में है।

### समन्वित प्रयास से आशान्वित

गौरतलब है कि क़लेक्टर भव्या मित्तल और नर्मदा घाटी विकास विभाग एवं जीवीपीआर इंजीनियरिंग हैदराबाद का सम्पूर्ण अमला इस सीजन में रबी-फसलें सिंचित करने के समन्वित-प्रयास में जुटा हुआ है। जिसमें डिप्टी कलेक्टर प्रतापसिंह अगासिया और इंदिरा सागर परियोजना सनावद के मुख्य अभियंता सीएल आरख,अधीक्षण यंत्री डीआर आकरे और कार्यपालन यंत्री सीबी टटवाल प्रमुख हैं। इसी कड़ी में जीवीपीआर इंजीनियरिंग हैदराबाद के महाप्रबंधक बिलपोस और परियोजना प्रबंधक रघु कारमीला भी कलेक्टर मित्तल से मुलाक़ात कर चुके हैं।

### जिला प्रशासन के पाले में है गेंद

अंततः ग्राम बगदा बुजुर्ग से नलवा तक 2.5 किमी तार लगाने के प्रयासों की असफलता के बाद अब गेंद जिला प्रशासन के पाले में है। कलेक्टर मित्तल को सम्पूर्ण-परिस्थितियों से अवगत कराया जा चुका है और उन्होंने बड़वाह एसडीओ को आवश्यक निर्देश दिए हैं। इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि विद्धुत-लाइन का कार्य शीघ्र ही पूर्ण होगा और पम्प-हाउस क्रमांक-2 नलवा से मां नर्मदा का निर्मल-जल रबी फसलों की प्यास बुझा सकेगा, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए।

### इनका कहना है...

यदि 132 केवी विद्युत लाइन में तार लगाने का मामला सुलझने पर हम इस रबी सीजन में 65 गांवों की 19252.2 हेक्टर भूमि सिंचित कर सकेंगे। जबकि पूर्व में पम्प हाउस क्रमांक-1,3,4 एवं 5 से फसलें सिंचित की जा रही है और जिला प्रशासन आवश्यक सहयोग कर रहा है।

**सीएल आरख**, मुख्य अभियंता, इंदिता सागर परियोजनाएं, सनावद

हम रात-दिन काम कर रहे हैं और हम परियोजना का कार्य पूर्ण कर वापस लौटना चाहते हैं। इस कार्य में नित-नई बाधाएं उत्पन्न की जा रही है और किसानों का सहयोग भी नहीं मिलेगा तो हम कार्य कैसे पूरा करेंगे.?

**रघु कारमीला**, परियोजना प्रबंधक, जीवीपीआर इंजीनियरिंग, हैदराबाद